जिला :- अजमेर

3. अजमेर

Date ___/___/_____ Page No.: _____

→ उपनाम :- भारत का मक्का, राजस्थान का हृदय, राजस्थान का नाका, राजपूताना की कुंजी।

→ स्थापना :- अजयपाल ने 1113 में।

→ स्वतन्त्रता के पश्चात राजस्थान के एकीकरण के अंतिम सातवे चरण में 1 नवम्बर 1956 को अजमेर राजस्थान में शामिल हुआ, इसी के साथ राजस्थान का एकीकरण पूर्ण हुआ साथ ही वर्तमान राजस्थान सामने आया।

→ राज० में फारसी भाषा का सबसे प्राचीन अभिलेख अजमेर में रखा गया है।

→ ब्रह्म जी का एकमात्र मंदिर, पुष्कर, अजमेर में स्थित है।

→ अजमेर जिला राजस्थान के मध्य में स्थित है। इसलिये इसे राजस्थान का हृदय भी कहते हैं।

→ अजमेर में सर्वाधिक फेल्सपार व क्वार्टज निकाला जाता है।

→ सर्वाधिक → ज्वार, आँवला

→ सर्वाधिक विदेशी नस्ल की मुर्गियां

→ राज० के अजमेर में प्रथम सहकारी समिति सन् 1905 में स्थापित

→ सहकारिता आंदोलन की शुरुआत सर्वप्रथम अजमेर से

→ बीबी का मकबरा अजमेर में

→ भारत में प्रथम ब्रॉडगेज रेल सेवा 3 अगस्त 1895 को मेड़ता रोड से मेड़ता सिटी (अजमेर) चली थी

→ राज० की पहली मार्बल मंडी किशनगढ़ (अजमेर) में स्थापित की गई। यह एशिया की सबसे बड़ी मार्बल मण्डी है।

→ अजमेर उत्तरी भारत व राज० का पूर्ण साक्षर होने वाला पहला जिला है।

→ राज० का पहला महिला इंजीनियरिंग कॉलेज, अजमेर में खोला गया था।

→ * राज० से सर्वाधिक राजमार्ग अजमेर जिले में से गुजरते हैं।

→ राज० की सबसे पुरानी दूध डेयरी पद्मा अजमेर में स्थित है।

→ * राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केन्द्र तबीजी, अजमेर में।

→ राजस्व बोर्ड का मुख्यालय अजमेर में।

→ राज० में गुलाब के फूलो का सर्वाधिक निर्यात अजमेर करता है।

→ पुष्कर मृगवन अजमेर में।

BEST SUCCESS POINT
लोकेश कुमार द्वारा संचालित
CHOOSE YOUR BEST

Scanned by CamScanner

प्रथम College → Ajmer
प्रथम University → Jaipur

Date ___/___/___ Page No : _____

→ रावली टॉडगढ़ अभ्यारण्य अजमेर में।
→ गिर नस्ल की गाये मुख्यतः अजमेर में पाई जाती है अतः इस नस्ल को अजमेरा व रेडा भी कहा जाता है।
→ राजकीय कुक्कुट प्रशिक्षण संस्थान अजमेर में।
→ राजस्थान का पूर्णतः साक्षर गाँव मसूदा गांव अजमेर में।
→ राष्ट्रीय राजमार्ग NH-79, 89 व 8 अजमेर में आकर मिलते हैं।
→ NH-79A (नसीराबाद – किशनगढ़) अजमेर से शुरू और समाप्त भी
→ * राज० का प्रथम केन्द्रीय विश्वविद्यालय किशनगढ़, अजमेर में।
→ जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर में।
→ अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 7 नवम्बर 2010 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये राजस्थान के कानपुरा (अजमेर) से बात की थी।
→ राज० में स्वतन्त्रता के समय पत्रकारिता का सबसे बड़ा केन्द्र अजमेर था।
→ हिन्दुस्तान मशीन टूल्स का कारखाना अजमेर में।
→ राजस्थान का सबसे पहला कॉलेज अजमेर में खोला गया था।
→ अरुणा राय द्वारा स्थापित सामाजिक कार्य शोध केन्द्र तिलोनिया, अजमेर में है। → अरुणा रॉय रैमन मैग्सेसे अवार्ड :- सूचना के अधिकार के लिये।
→ राजपूताना संग्राहालय अजमेर में।

⇒ **पुष्कर झील** :- पुष्कर (अजमेर)
*→ यह भारत की सबसे पवित्र झील मानी जाती है।
*→ यही पर भारत का एकमात्र चतुर्मुखी ब्रह्मा जी का प्रसिद्ध मन्दिर है।
→ रंगनाथ जी का प्रसिद्ध मंदिर, पुष्कर अजमेर में।

⇒ **तारागढ़ दुर्ग** :- अजमेर
→ निर्माण अजयराज ने व नाम अपनी पत्नी ताराबाई के नाम पर
*→ अन्य नाम :- अजयमेरु दुर्ग, राजस्थान का जिब्राल्टर, पूर्व का दूसरा जिब्राल्टर।
→ यह दुर्ग अजमेर की गढ़बीठली पहाड़ी पर है अतः इसका नाम गढ़बीठली दुर्ग भी है।

⇒ **अकबर का किला** :- अजमेर
→ निर्माण अकबर ने।
→ अन्य नाम अजमेर का किला / मैग्जीन का किला। अकबर का दौलतखाना
→ राज० में पूर्णतः मुस्लिम शैली से बना एकमात्र दुर्ग
→ हल्दी घाटी के युद्ध की योजना।

BEST SUCCESS POINT Choose BEST Be BEST

Scanned by CamScanner

Date ___/___/___ Page No. ___

→ * ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह अजमेर में है। → निर्माण → इल्तुतमिश द्वारा → पूरा → हुमायू द्वारा

→ पुष्कर पशु मेले का आयोजन अजमेर में होता है।

→ वीर तेजाजी का मेला अजमेर में लगता है।

⇒ लूणी नदी :-

→ लूणी नदी अजमेर की नाग पहाड़ियों से निकलती है।

→ अन्य नाम :- मरुआशा, लवणवती, लवणीय।

→ थार के मरुस्थल की सबसे बड़ी नदी।

→ राजस्थान की चम्बल के बाद सबसे बड़ी नदी।

⇒ आनासागर झील :- अजमेर

→ निर्माण - अर्णोराज ने

→ किनारे पर जहाँगीर ने दौलत बाग का निर्माण वर्तमान मे सुभाष उद्यान कहलाता है।

⇒ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड :- अजमेर

→ यह माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक की पुस्तकों का प्रकाशन व परीक्षाओं का आयोजन करता है।

⇒ बादशाह का मेला :- अजमेर के ब्यावर में होली के पर्व पर

⇒ वराह मंदिर :- अजमेर वराह मंदिर का निर्माण अर्णोराज द्वारा

⇒ * सलेमाबाद :- सलेमाबाद (अजमेर) में निम्बार्क सम्प्रदाय की प्रधान पीठ स्थित है। निम्बार्क सम्प्रदाय को परशुराम सम्प्रदाय, सनकादि सम्प्रदाय के नाम से भी जाना जाता है।

⇒ तिलोनिया :- तिलोनिया अजमेर में स्थित एक गाँव है जो फेचवर्क (कपड़ो टुकड़ो से विभिन्न आकृति बनाना) कार्य के लिये देशभर में प्रसिद्ध है।

→ इसी गाँव में समाज कार्य एवं अनुसंधान केन्द्र (S.B.R.C.) स्थित है।

⇒ सावित्री मंदिर :- सावित्री जो कि ब्रह्म जी की पत्नी है, का मंदिर अजमेर में है। यह भारत का एकमात्र सावित्री जी का मंदिर है।

⇒ अढ़ाई दिन का झोपड़ा :- अजमेर में स्थित अढ़ाई दिन के झोपड़े का निर्माण विग्रहराज चतुर्थ ने संस्कृत पाठशाला के रूप में करवाया था। बाद में कुतुबुद्दीन ऐबक ने इसे तुड़वाकर मस्जिद में परिवर्तित कर दिया।

"No real change in history has ever been acheived by discussions." –Subhash chandra bose

Scanned by CamScanner

Date ___/___/_____ Page No.: _____

*** ⇒ किशनगढ़ शैली :- अजमेर के किशनगढ़ में इस शैली का व्यापक विस्तार है। इस शैली में बनी बणी-ठणी पेंटिंग विश्व प्रसिद्ध है।

→ सावंत सिंह (नागरीदास) के शासनकाल में इस शैली का स्वर्णिम काल माना जाता है।

→ किशनगढ़ शैली के प्रसिद्ध चित्रकार निहालचंद जी है। जिन्होंने बणी-ठणी पेंटिंग बनाई।

→ बणी-ठणी को एरिक डिक्सन ने भारतीय मोनालिसा कहा।

⇒ * तबीजी :- अजमेर

→ अजमेर में तबीजी नामक स्थान पर देश व राजस्थान का पहला राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केन्द्र स्थित है।

→ रामसर, अजमेर में केन्द्रीय बकरी प्रजनन एवं अनुसंधान केन्द्र स्थित है।

→ अजमेर में बीसलसर नामक कृत्रिम झील का निर्माण बीसलदेव ने करवाया था।

→ ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती की दरगाह अजमेर में स्थित है।

x x x x x x

→ नसीराबाद :- राज्य में 1857 की क्रांति का प्रारम्भ यही से हुआ। (28 मई 1857)

→ अजमेर में खुली जेल का निर्माण किया जा रहा है।

→ ब्रह्मा जी के मंदिर का निर्माण गोकुलचंद पारीक ने।

BEST IAS लोकेश कुमार द्वारा संचालित BEST SUCCESS POINT Success BEST, Is BEST

Scanned by CamScanner